**डाक अधीक्षक सेवा ग्रुप 'बी' और पोस्टमास्टर सेवा ग्रुप 'बी'**

डाक अधीक्षक सेवा ग्रुप 'बी' के ग्रेड में उम्मीदवारों के चयन के लिए विभागीय पदोन्नति समिति की पिछली बैठक सितम्बर, 1975 में हुई थी और पोस्टमास्टर सेवा ग्रुप 'बी' में पदोन्नति के लिए विभागीय पदोन्नति समिति की पिछली बैठक अप्रैल, 1974 में हुई थी। डाक अधीक्षक सेवा ग्रुप "बी" में पदोन्नति के लिये भर्ती सम्बन्धी नियमों में कार्मिक विभाग, संघ लोक सेवा आयोग और विधि मन्त्रालय के परामर्श से संशोधन किया जा रहा है। भर्ती सम्बन्धी नियमों में संशोधन हो जाने के बाद पदोन्नति के लिए उम्मीदवारों का चयन करने के हेतु विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक होगी। पोस्टमास्टर सेवा ग्रुप "बी" के लिए विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक भी डाक अधीक्षक सेवा ग्रुप "बी" के लिए विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक के साथ होगी।

**डाक शाखा के लेखा अधिकारी**

डाक लेखा का विभागीयकरण 1-4-76 को हुआ था, जब भारतीय लेखा परीक्षा व लेखा विभाग के बहुत से कर्मचारियों को डाक-तार विभाग में स्थानान्तरित किया गया था। उसके बाद अभी तक विभागीय पदोन्नति समिति की कोई बैठक नहीं हुई। इन पदों के लिए भर्ती के नियमों को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। भर्ती के नियम अधिसूचित कर दिये जाने के बाद विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक होगी।

**सिविल विंग—सहायक इंजीनियर (सिविल)/(विद्युत) और सहायक आर्किटेक्ट**

सहायक इंजीनियर (सिविल)/(विद्युत) के ग्रेड में पदोन्नति के लिये विभागीय पदोन्नति समिति की एक बैठक 20-3-78 को हुई थी। सहायक आर्किटेक्टों के सम्बन्ध में विभागीय पदोन्नति समिति की पिछली बैठक 2-6-76 को हुई थी। इस बारे में प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है।

**भिलाई इस्पात संयंत्र में ढलवां लोहे के उत्पादन में कमी**

7588. **श्री राम विलास पासवान :** क्या इस्पात और खान मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गत आठ महीनों में भिलाई इस्पात संयंत्र की धमन भट्टी में ढलवां लोहे के उत्पादन में प्रतिदिन 1000 से 2000 टन की कमी रही ;

(ख) यदि हां, तो प्रतिदिन कितनी हानि हुई ; और

(ग) भिलाई इस्पात संयंत्र की धमन भट्टी की दैनिक उत्पादन क्षमता क्या है ?

**इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य (मंत्री (श्री करिया मुंडा)** : (क) और (ख) : जी, नहीं। पिछले आठ महीनों अर्थात अगस्त, 77 से मार्च, 1978 के दौरान भिलाई की धमन भट्टी में तप्त धातु का दैनिक औसतन उत्पादन 7,473 टन था, जो निर्धारित लक्ष्य से मात्र लगभग 482 टन कम था।

(ग) दैनिक औसतन निर्धारित क्षमता 8,137 टन है।

**Satellite Telephone Communication Centre at Wandawash**

7589. SHRI C. VENUGOPAL: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether there is any proposal to construct a satellite Telephone Communication centre at Wandawash, North Arcot Distt., Tamil Nadu; and

(b) if so, when it will be started and what will be cost of the project and the scope for employment opportunities?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI NARHARI PRASAD SUKHDEV SAI): (a) There is no proposal to construct a satellite Communication Centre at Wandawash, North Arcot Disit., Tamil Nadu.

(b) Does not arise.

**राष्ट्रीय खान सुरक्षा परिषद् के कार्यक्रम**

7590. **डा० बसन्त कुमार पंडित :** क्या **संसदीय कार्य तथा श्रम** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय खान सुरक्षा परिषद की स्थापना सभी श्रेणियों के खान कर्मचारियों में सुरक्षा की भावना को प्रोत्साहन देने के लिए की गई थी ;

(ख) क्या अधिकांश कार्यक्रम बन्द कर दिये गये हैं तथा कोडरमा में क्षेत्रीय कार्यालय बन्द कर दिया गया है और परिषद कोयला खानों के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों के लिये कोई कार्यक्रम नहीं बनाती है ; और

(ग) यदि हां, तो इसका क्या कारण है ?

**संसदीय कार्य तथा श्रम मंत्री (श्री रवीन्द्र वर्मा)** : (क) जी, हां। यह संगठन सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम के अधीन एक सोसाइटी के रूप में शुरु किया गया था। मूलत: इस के कार्यकलाप कोयला खानों तक सीमित थे। बाद में इस के कार्यकलापों को अभ्रक, खनिज लोहा और डोलोमाइट खानों तक बढ़ाया गया है।

(ख) और (ग). खान सुरक्षा राष्ट्रीय परिषद के कुछ कार्यक्रमों को कम करना पड़ा क्योंकि वह आय, जो 1974-75 में 6,05,200 रुपये थी और 1976-77 में 10,23,300 रुपये तक बढ़ गई थी, खर्च को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं थी। इस परिषद के शासी निकाय ने यह निर्णय लिया है कि कोडरमा से फील्ड यूनिट को इस शर्त पर हटा लिया जाए कि, जब कभी आवश्यक होगा, इस क्षेत्र में अन्य फील्ड यूनिटों द्वारा काम लिया जायगा। इस क्षेत्र को आवश्यकतानुसार प्रचार सामग्री प्रदान की जाती है।

**पत्रकारों के लिये वेतन बोर्ड में गतिरोध दूर करना**

7591. **श्री उग्रसेन :** क्या **संसदीय कार्य तथा श्रम** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का इण्डियन फेडरेशन आफ वकिंग जर्नेलिस्ट एसोसिएशन, आल इण्डिया न्यूजपेपर एम्प्लाईज फेडरेशन तथा अन्य पत्रकारों से कोई ज्ञापन प्राप्त हुआ है जिसमें नियोक्ताओं द्वारा वेतन बोर्ड का बहिष्कार किये जाने के विरुद्ध पत्रकारों द्वारा हड़ताल करने के निर्णय की सूचना दी गई है ; और

(ख) यदि हां, तो गतिरोध समाप्त करने के लिए रखे गये प्रस्तावों की मुख्य बातें क्या हैं जैसा कि 6 अप्रैल, 1978 के अतारांकित प्रश्न संख्या 5889 के उत्तर में कहा गया है ?

**संसदीय कार्य तथा श्रम मंत्री (श्री रवीन्द्र वर्मा)** : (क) नेशनल कन्फेडरेशन आफ न्यूजपेपर एण्ड न्यूज एजेंसीज एम्प्लाईज आर्गेनाइजेशन्स ने 28 मार्च, 1978 को कलकत्ता में हुए समाचार पत्र कर्मचारियों के सम्मेलन द्वारा अभिस्वीकृत किया गया संकल्प भेजा है। संकल्प, अन्य बातों के साथ साथ कन्फेडरेशन को यह प्राधिकार प्रदान करता है कि वह "आन्दोलन करने का कार्यक्रम तैयार करे जो अन्त में अनिश्चित हड़ताल का रूप धारण कर ले"।

(ख) 27 मार्च, 1978 को हुई बैठक में कर्मचारियों के संगठनों द्वारा किए प्रस्तावों की मुख्य बातें ये हैं कि मजदूरी बोर्डों के समक्ष